# *पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय*

## मांग संख्या 71

## पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

क. वसूलियों को घटाने के बाद, बजट आबंटन इस प्रकार हैः

*(करोड़ रुपए)*

| | मुख्य शीर्ष | बजट 2004-2005 आयोजना | बजट 2004-2005 आयोजना-भिन्न | बजट 2004-2005 जोड़ | संशोधित 2004-2005 आयोजना | संशोधित 2004-2005 आयोजना-भिन्न | संशोधित 2004-2005 जोड़ | बजट 2005-2006 आयोजना | बजट 2005-2006 आयोजना-भिन्न | बजट 2005-2006 जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्व | | ... | 3573.42 | 3573.42 | ... | 3565.00 | 3565.00 | ... | 3669.00 | 3669.00 |
| *पूंजी* | | ... | ... | ... | ... | *2.00* | *2.00* | ... | ... | ... |
| **जोड़** | | **...** | **3573.42** | **3573.42** | **...** | **3567.00** | **3567.00** | **...** | **3669.00** | **3669.00** |
| 1. सचिवालय-आर्थिक सेवाएं | 3451 | ... | 10.42 | 10.42 | ... | 9.88 | 9.88 | ... | 10.03 | 10.03 |
| 2. *प्रशासित मूल्य तंत्र पश्च सब्सिडी और अन्य व्यय* | | | | | | | | | | |
| 2.01 घरेलू एलपीजी और सा.वि.यो. के लिए केरोसिन पर सब्सिडी | 2802 | ... | 3500.00 | 3500.00 | ... | 3500.00 | 3500.00 | ... | 3600.00 | 3600.00 |
| 2.02 भाड़ा संबंधी सब्सिडी | 2802 | ... | 59.00 | 59.00 | ... | 53.00 | 53.00 | ... | 44.00 | 44.00 |
| ***जोड़*** | | ... | *3559.00* | *3559.00* | ... | *3553.00* | *3553.00* | ... | *3644.00* | *3644.00* |
| 3. पेट्रोलियम विनियामक बोर्ड | 2802 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 1.26 | 1.26 | ... | 14.97 | 14.97 |
| 4. अपमिश्रणरोधी प्रकोष्ठ | 2802 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 0.86 | 0.86 | ... | ... | ... |
| 5. सरकारी उद्यमों में निवेश बीको लारी लि. को स्वैच्छिक सेवानिवृति के लिए ऋण | 6802 | ... | ... | ... | ... | 2.00 | 2.00 | ... | ... | ... |
| ***कुल जोड़*** | | ***...*** | ***3573.42*** | ***3573.42*** | ***...*** | ***3567.00*** | ***3567.00*** | ***...*** | ***3669.00*** | ***3669.00*** |

| **ख. सरकारी उद्यमों में निवेश** | विकास शीर्ष | बजट 2004-2005 बजट समर्थन | बजट 2004-2005 आं.ब.बा.सं. | बजट 2004-2005 जोड़ | संशोधित 2004-2005 बजट समर्थन | संशोधित 2004-2005 आं.ब.बा.सं | संशोधित 2004-2005 जोड़ | बजट 2005-2006 बजट समर्थन | बजट 2005-2006 आं.ब.बा.सं. | बजट 2005-2006 जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I. *पैट्रोलियम क्षेत्रः* | | | | | | | | | | |
| 5.01 तेल और प्राकृतिक गैस कार्पोरेशन लि. | 12802 | ... | 10000.00 | 10000.00 | ... | 10849.89 | 10849.89 | ... | 10487.01 | 10487.01 |
| 5.02 भारतीय गैस प्राधिकरण लि. | 12802 | ... | 3461.00 | 3461.00 | ... | 1264.90 | 1264.90 | ... | 3772.60 | 3772.60 |
| 5.03 हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड | 12802 | ... | 1098.00 | 1098.00 | ... | 530.00 | 530.00 | ... | 1010.50 | 1010.50 |
| 5.04 भारत पैट्रोलियम कारपोरेशन लि. | 12802 | ... | 550.00 | 550.00 | ... | 472.60 | 472.60 | ... | 1038.70 | 1038.70 |
| 5.05 चेन्नई पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. | 12802 | ... | 209.90 | 209.90 | ... | 219.30 | 219.30 | ... | 121.00 | 121.00 |
| 5.06 कोची रिफाइनरीज लि. | 12802 | ... | 212.00 | 212.00 | ... | 190.00 | 190.00 | ... | 218.00 | 218.00 |
| 5.07 बोगाईगांव रिफाइनरी एंड पैट्रो-कैमिकल्स लि. | 12802 | ... | 14.00 | 14.00 | ... | 17.87 | 17.87 | ... | 20.00 | 20.00 |
| 5.08 इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि. | 12802 | ... | 2805.00 | 2805.00 | ... | 2987.27 | 2987.27 | ... | 2988.03 | 2988.03 |
| 5.09 आयल इंडिया लिमिटेड | 12802 | ... | 975.00 | 975.00 | ... | 1059.56 | 1059.56 | ... | 1346.85 | 1346.85 |
| 5.10 नुमालीगढ़ रिफाइनरी लि. | 12802 | ... | 110.00 | 110.00 | ... | 95.00 | 95.00 | ... | 142.00 | 142.00 |
| 5.11 आई.बी.पी. कं. लि. | 12802 | ... | 158.00 | 158.00 | ... | 240.00 | 240.00 | ... | 200.00 | 200.00 |
| 5.12 तेल एवं प्राकृतिक गैस कार्पोरेशन विदेश लि. | 12802 | ... | 3602.90 | 3602.90 | ... | 4958.17 | 4958.17 | ... | 5500.00 | 5500.00 |
| 5.13 मंगलौर रिफाइनरीज़ एंड पैट्रोकैमिकल्स लि. | 12802 | ... | 380.00 | 380.00 | ... | 114.67 | 114.67 | ... | 425.00 | 425.00 |
| **जोड़ - पैट्रोलियम क्षेत्र** | | **...** | **23575.80** | **23575.80** | **...** | **22999.23** | **22999.23** | **...** | **27269.69** | **27269.69** |
| II. *पैट्रो-रसायन क्षेत्रः* | | | | | | | | | | |
| 5.14 इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि. | 12856 | ... | 1117.00 | 1117.00 | ... | 1440.68 | 1440.68 | ... | 1756.97 | 1756.97 |
| 5.15 भारत पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड | 12856 | ... | 0.10 | 0.10 | ... | 0.10 | 0.10 | ... | 0.10 | 0.10 |
| 5.16 चेन्नई पैट्रोलियम कार्पोरेशन लि. | 12856 | ... | 0.10 | 0.10 | ... | 0.70 | 0.70 | ... | 4.00 | 4.00 |
| 5.17 बोंगाईगांव रिफाइनरी और पैट्रो-केमिकल्स लि. | 12856 | ... | 6.00 | 6.00 | ... | 9.53 | 9.53 | ... | 6.22 | 6.22 |
| 5.18 भारतीय गैस प्राधिकरण लि. | 12856 | ... | 283.00 | 283.00 | ... | 142.48 | 142.48 | ... | 548.50 | 548.50 |
| 5.19 मंगलौर रिफाइनरीज़ एंड पैट्रोकैमिकल्स लि. | 12856 | ... | ... | ... | ... | 9.40 | 9.40 | ... | 25.00 | 25.00 |
| **जोड़ - पैट्रो-रसायन क्षेत्र** | | **...** | **1406.20** | **1406.20** | **...** | **1602.89** | **1602.89** | **...** | **2340.79** | **2340.79** |
| III. *इंजीनियरी क्षेत्रः* | | | | | | | | | | |
| 5.20 बामर लारी एण्ड कम्पनी लि. | 12858 | ... | 13.00 | 13.00 | ... | 8.00 | 8.00 | ... | 8.00 | 8.00 |
| 5.21 बीको लारी लि. | 12858 | ... | 5.00 | 5.00 | ... | 5.00 | 5.00 | ... | 5.00 | 5.00 |
| **जोड़-इंजीनियरी क्षेत्र** | | **...** | **18.00** | **18.00** | **...** | **13.00** | **13.00** | **...** | **13.00** | **13.00** |
| **जोड़** | | ***...*** | ***25000.00*** | ***25000.00*** | ***...*** | ***24615.12*** | ***24615.12*** | ***...*** | ***29623.48*** | ***29623.48*** |
| **ग. आयोजना परिव्यय** | | | | | | | | | | |
| 1. पैट्रोलियम | 12802 | ... | 23575.80 | 23575.80 | ... | 22999.23 | 22999.23 | ... | 27269.69 | 27269.69 |



**Website: http://indiabudget.nic.in**

(करोड़ रुपए)

| | विकास शीर्ष | बजट 2004-2005 बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | संशोधित 2004-2005 बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं | जोड़ | बजट 2005-2006 बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. पैट्रो-रसायन | 12856 | ... | 1406.20 | 1406.20 | ... | 1602.89 | 1602.89 | ... | 2340.79 | 2340.79 |
| 3. इंजीनियरी | 12858 | ... | 18.00 | 18.00 | ... | 13.00 | 13.00 | ... | 13.00 | 13.00 |
| **जोड़** | | **...** | **25000.00** | **25000.00** | **...** | **24615.12** | **24615.12** | **...** | **29623.48** | **29623.48** |

1. **सचिवालयः** इसके अन्तर्गत मंत्रालय के सचिवालय के व्यय के लिए प्रावधान किया गया है।

2. **पैट्रोलियम विनियामक बोर्ड (पी आर बी)**:-वर्ष 2005-06 (ब.अ.) में पैट्रोलियम विनियामक बोर्ड के लिए 14.97 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। 2004-05 (ब.अ.) एवं 2004-05 (सं.अ.) में प्रावधान क्रमशः 2 करोड़ रुपए तथा 1.26 करोड़ रुपए का था। 2005-06 (ब.अ.) के लिए प्रावधान 2004-05 (ब.अ. एवं सं.अ.) में किए गए प्रावधान से 10 प्रतिशत अधिक है। चूंकि पी आर बी की स्थापना के लिए प्रस्तावित विधेयक पैट्रोलियम एवं रसायन संबंधी स्थायी समिति के विचाराधीन था, 2004-05 (ब.अ.) तथा 2004-05 (सं.अ.) में न्यूनतम राशि का प्रावधान किया गया था। अब चूंकि पी आर बी के 2005-06 में स्थापित कर दिए जाने की सम्भावना है, पूर्ण प्रावधान किया गया है।

5.01 **तेल और प्राकृतिक गैस निगम लि.(ओ.एन.जी.सी)**: तेल और प्राकृतिक गैस निगम लि. (ओएनजीसी) की स्थापना देश के पेट्रोलियम संसाधनों, तटीय और अपतटीय दोनों की खोज और दोहन करने के कार्यक्रमों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के उद्देश्य से की गई थी। तेल और प्राकृतिक गैस निगम तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने के लिए अनेक परियोजनाएं क्रियान्वित कर रहा है। परिव्यय में सर्वेक्षण, अन्वेषणात्मक और विकासात्मक ड्रिलिंग, पूंजी अधिग्रहण, भागीदारी, व्यवहार्यता अध्ययन आदि के लिए प्रावधान शामिल हैं।

5.02 **भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेडः** भारतीय गैस प्राधिकरण लि. की स्थापना प्राकृतिक गैस के संसाधन, संवहन तथा विपणन जैसे कार्यो की व्यवस्था के लिए की गई थी । क्रियान्वित की जा रही प्रमुख परियोजनाओं में ये शामिल हैं – दहेज शहरी पाईप लाईन परियोजना, विभिन्न अन्य पाईप लाईन परियोजनाएं ग्लोबल एन जी एल संयंत्र, परियोजना नीला आकाश, वस्तु सूची आर-एलएनजी का सृजन, दूर संचार सम्पर्कों का उन्नयन, राष्ट्रीय गैस ग्रिड इत्यादि।

5.03 **हिन्दुस्तान पेट्रोलियम निगम लि.(एच.पी.सी.एल)** : इस कम्पनी का मुख्य उद्देश्य कच्चे तेल का शोधन करना तथा पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन करना है। यह कंपनी विभिन्न स्थानों पर बाटलिंग संयंत्रों, कच्चे तेल और उत्पाद पाइपलाइन, पंजाब रिफाइनरी और कच्चे तेल की पाइपलाइन, विशाख और मुंबई रिफाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना, तेल की खोज और उत्पादन, पेट्रोनेट एम एच बी आदि जैसी परियोजनाओं का कार्यान्वयन कर रही है।

5.04 **भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेडः** इस कंपनी के उद्देश्य मुख्यतया कच्चे तेल का शोधन करना तथा पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन तथा वितरण करना है। कम्पनी ने अपनी वार्षिक योजना में भारत ओमान शोधनशाला में निवेश, विभिन्न स्थानों पर बाटलिंग संयंत्रों, उच्च गुणवत्ता वाले एलओबी के उत्पादन, मुम्बई परिशोधनशाला आधुनिकीकरण, उत्पाद पाईपलाईनों, एन ई एल पी ब्लाकों में भागीदारी आदि के लिए प्रावधान किया है।

5.05 **चेन्नई पेट्रोलियम कार्पोरेशन (सी.पी.सी.एल)**: इस कम्पनी की स्थापना शोधनशालाएं स्थापित करने तथा चलाने के उद्देश्य से की गई थी। इस कम्पनी द्वारा क्रियान्वित की जा रही मुख्य परियोजनाओं में शोधनशाला विस्तार, एफसीसीयू डी-बोटलनेकिंग मनाली में डिसेलिनाइज़ेशन परियोजना, कच्चे तेल की पाईप लाईन, एल पी जी / एम एस का नाक्था उन्नयन, आदि हैं।

5.06 **कोची रिफाईनरीज लि.** : इस कपंनी की स्थापना कच्चे तेल का शोधन करने तथा विभिन्न पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन करने के लिए की गई थी। कंपनी की वार्षिक आयोजना में शोधनशाला का आधुनिकीकरण, कच्चे तेल की प्राप्ति की सुविधाएं, एस बी एम आदि जैसी परियोजनाओं के लिए प्रावधान शामिल है।

5.07 **बोंगाईगांव रिफाइनरी और पैट्रो-केमिकल्स लि.**: इस कम्पनी की स्थापना कच्चे तेल का शोधन आदि करने के लिए की गई थी। आयातित कच्चे तेल के भण्डारण, सीपीपी में विद्युत वितरण प्रणाली के सुधार, ईआरपी क्रियान्वयन, हाईड्रो उपचार पिरयोजना, प्रक्रिया उन्नयन, पैट्रोरसायन इंस्ट्रूमेंटेशन का आधुनिकीकरण, इत्यादि के लिए प्रावधान किए गए हैं।

5.08 **भारतीय तेल निगम लि.(आई.ओ.सी.)**: भारतीय तेल निगम लि. पाइपलाइनों का प्रचालन करता है तथा आयातित एवं देशीय कच्चे तेल का शोधन करता है और पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन करता है। इसकी गुवाहाटी, बरौनी, कोयाली, हल्दिया, मथुरा तथा दिगबोई में शोधनशालाएं हैं। परिव्यय में पूर्वी क्षेत्र में आधारभूत रिफाइनरी हल्दिया में ल्यूबगुणत्ता सुधार का क्रियान्वयन, पानीपत शोधनशाला का विस्तार, हल्दिया, मथुरा एवं गुजरात में एम एस गुणता सुधार, मथुरा में नया डी एच डी टी, विभिन्न पाईप लाईन परियोजनाएं, विभिन्न अवस्थलों पर एल पी जी बाटलिंग संयंत्र इत्यादि के लिए व्यवस्था शामिल है।

5.09 **आयल इण्डिया लि.(ओ.आई.एल)**: आयल इण्डिया लि. देश में तेल की खोज और उत्पादन में लगा है। इसने अपनी वार्षिक आयोजना में ड्रिलिंग और सर्वेक्षणों, समुद्रपारीय अन्वेषण विकास परियोजनाओं, एनईएलपी भागीदारी, गंगा घाटी अन्वेषण, कच्चे तेल की ट्रंक पाईप लाईन का विस्तार, विदेशी परियोजनाओं आदि के लिए प्रावधान किया है।

5.10 **नुमालीगढ़ रिफाइनरी (एन.आर.एल.)** : यह आई.बी.पी., भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लि. तथा असम सरकार की एक संयुक्त उद्यम कम्पनी है। वार्षिक योजना में एमएस परियोजना, मोम के संयत्र, यूरो III एचएसडी में सुधार के लिए प्रावधान किया गया है।

5.11 **आई.बी.पी. कम्पनी लि.(आई.बी.पी.)**: यह कम्पनी पैट्रोलियम उत्पादों के विपणन तथा हाई वैक्यूम उपस्करों और विस्फोटक पदार्थो के विनिर्माण में लगी है।

5.12 **ओ.एन.जी.सी. विदेश लिमिटेड-ओ एन जी सी-वी एल** : ओ.वी.एल. तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग (ओ.एन.जी.सी.) के पूर्ण स्वामित्वाधीन एक सहायक कंपनी है तथा विदेशों में विकास क्षेत्रों के अधिग्रहण द्वारा अथवा अन्वेषण उद्यमों के माध्यम से इक्विटी तेल लाने के लिए उत्तरदायी है। कंपनी वियतनाम, यू.एस.एस.आर., इराक, सूडान, अंगोला, इरान, कुवैत आदि में अपने हितों का परिशीलन कर रही है।

5.13 **मंगलौर रिफाइनरी एंड पैट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एम.आर.पी.एल.)**: यह ओ.एन.जी.सी. की एक सहायक कंपनी है। वार्षिक योजना में यूरो परियोजनाओं (यूरो III), मिश्र जाइलीन परियोजनाओं, विपणन अवसंरचना आदि के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं।

5.20 **बामर लारी लि.** यह कम्पनी स्नेहन ग्रीज़ और ल्यूब बैरलों का निर्माण करती है, चाय का निर्यात, उत्पादों का विपणन तथा यात्रा और नौवहन से संबंधित कारोबार करती है।

5.21 **बीको लॉरी लि.** : इस कंपनी का मुख्य कार्यकलाप स्विचगीयरों का विनिर्माण करना है।



**Website: http://indiabudget.nic.in**